समाचार

# आज 6045 लोगों को कराया गया भोजन, तो 817 लोगों को दी गई राशन सामग्री किट

## (लाकडाउन के 40वें दिन भी आज जरूरतमंदों को राशन सामग्री व स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बना हुआ भोजन वितरण में जुटा रहा निगम का अमला)

कोरबा 03 मई 2020 –लाकडाउन के 40वें दिन भी आज जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराने एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बने हुए भोजन का वितरण कराने में बिना थके निगम का अमला आज भी डटा रहा। आज 6045 लोगों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, तो वहीं दूसरी ओर 817 व्यक्तियों को राशन सामग्री से युक्त किट जरूरतमंदों को निःशुल्क प्रदान किए गए। स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में दिए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उनका धन्यवाद किया है। वहीं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा बचाव, नियंत्रण व सहायता कार्यो पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

नोवल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ी जा रही इस लड़ाई में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में अथक परिश्रम के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। इसके साथ–साथ शहर की बेहतरसाफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रतिदिन लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा मास्क को अनिवार्य रूप से पहनने के लिए लोगों को लगातार समझाईश दी जा रही है तथा इनके उल्लंघन पर अर्थदण्ड भी लगाया जा रहा है। आज स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 6045 लोगों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, तो दूसरी ओर 817 व्यक्तियों को उनके घर पहुंचकर राशन सामग्री किट प्रदान की गई।

आज भी राशन किट बनाने में जुटे रहे निगम कर्मी– निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम कर्मचारी प्रतिदिन राशन सामग्री किट बना रहे हैं, आज भी निगम के कर्मचारी जरूरतमंदों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु राशन के किट तैयार करने में जुटे रहे, राशन किट बनने के बाद उन्हें विभिन्न वाहनों के माध्यम से जोन कार्यालयों के लिए रवाना किया जाता है। इसी प्रकार निगम के सभी 08 जोन का मैदानी अमला भी जरूरतमंद लोगों के घर–घर पहुंचकर राशन सामग्री देने में पूरी सजगता के साथ जुटा रहा।

स्वयंसेवी संस्थाओं का निरंतर सहयोग अति सराहनीय– नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु विगत 40 दिनों से चल रहे लाकडाउन के दौरान जरूरतमंद व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग अत्यंत सराहनीय है, इन संस्थाओं द्वारा निरंतर अपना सहयोग दिया जा रहा है। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, गायत्री प्रज्ञापीठ, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इन संस्थाओं द्वारा लगातार प्रतिदिन बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके अतिरिक्त शहर की अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने इन 40 दिनों के बीच समय–समय पर अपना महत्वपूर्ण सहयोग देकर बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया है।

जारी रहा सेनेटाईजेशन कार्य – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निरंतर रूप से सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। कोरन्टाईन सेंटरों, जिला चिकित्सालय, निजी अस्पताल व क्लीनिक, शासकीय कार्यालयों, पुलिस थाना चौकियों, एम्बुलेंस एवं शासकीय वाहनों, रैनबसेरों, सब्जी बाजारों, एस.एल.आर.एम.सेंटरों सहित वार्ड क्र. 26 एवं 61 तथा अन्य स्थानों का सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया। निगम अमले द्वारा सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में नियमित रूप से किए जाने वाले साफ–सफाई कार्यो को एक विशेष अभियान के रूप में संचालित कराते हुए नालियों, सड़कों की सफाई, कचरे का तुरंत उठाव, डोर–टू–डोर अपशिष्ट का संग्रहण, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सहित अन्य साफ–सफाई संबंधी कार्य किए गए।